# सर्वाइवर अलायंस (SURVIVOR ALLIANCE)

यदि आप नामांकन से पहले किसी से बात करना चाहते हैं, तो कृपया हमें नीचे दिए गए बयानों को ईमेल करें जो अंग्रेजी में सूचीबद्ध हैं। इससे हमें पता चल जाएगा कि हमें आपके साथ बोलने के लिए लाइन पर दुभाषिया (अनुवादक) प्राप्त करने की आवश्यकता है।

विषय पंक्ति: *Interested in joining Survivor Alliance*

संदेश: *Hi, my name is* [अपना नाम दर्ज करें] *and I want to speak with someone about the Survivor Alliance. I speak* [अपनी भाषा दर्ज करें] *language.*

*I am able to speak the following dates and times:*
[दिनांक और समय दर्ज करें जब आप बात कर सकते हैं। हमें 3 विकल्प दें। कृपया हमें बताएं कि आप किस समय क्षेत्र में हैं और ध्यान दें कि हम ब्रिटेन (UK) के समय पर हैं]

## मिशन/ लक्ष्य

दुनिया भर में स्लेवरी (गुलामी) और मानव तस्करी के सर्वाइवर्स (उत्तरजीवी) को एकजुट और सशक्त करना।

## हम कौन हैं और हम क्या करते हैं?

- सर्वाइवर अलायंस (Survivor Alliance) एक एन.जी.उ (NGO) है जो दुनिया भर में स्लेवरी (गुलामी) और मानव तस्करी के सर्वाइवर्स (survivors) को एकजुट और सशक्त करता है।
- हम सर्वाइवर लीडर्स (survivor leaders) के वैश्विक नेटवर्क का निर्माण कर रहे हैं जो स्लेवरी (गुलामी) और मानव तस्करी के विरोध कामों में लगे हुए हैं या काम करने में रूचि रखते हैं।
- हम लोकल सर्वाइवर नेटवर्क्स (survivor networks) के विकास का समर्थन करेंगे और मौजूदा नेटवर्कों (networks) को दूसरे शहरों, राज्यों और राष्ट्रों के नेटवर्क्स (networks) से जोड़ेंगे।
- सर्वाइवर अलायंस (Survivor Alliance) एक वर्ल्ड कांग्रेस (World Congress) का आयोजन करेगी जो २०१९ में यूनाइटेड किंगडम (UK) में रखा जायेगा। यह पहला ऐसा सम्मेलन होगा जो सर्वाइवर्स से और सर्वाइवर्स के लिए बनाया जायेगा।

- हम सहयोगी दलों के साथ काम करते हैं ताकि सर्वाइवर्स की आवाज़ें स्लेवरी (गुलामी) और मानव तस्करी के विरोध कामों का केंद्रीय भाग हो। हम जहाँ संभव हो वहां सर्वाइवर्स की भागीदारी का समर्थन करेंगे और उनके लिए सुविधाएँ प्रदान करेंगे।

- सदस्यता उन सभी व्यक्तियों के लिए मुफ्त है जो स्लेवरी (गुलामी) या मानव तस्करी के सर्वाइवर्स (survivors) के रूप में अपनी पहचान करते हैं और जो किसी भी देश में रहते हैं।

## सदस्यता

### एक सदस्य के रूप में सर्वाइवर अलायंस (Survivor Alliance) में शामिल होने का क्या अर्थ है?

- मानव तस्करी और स्लेवरी (गुलामी) के सर्वाइवर्स के इस अंतरराष्ट्रीय, पेशेवर नेटवर्क का हिस्सा बनें।
- अपने बायो डाटा (bio data) पर मुफ्त मशवरा पाएँ।
- एक मुफ्त ऑनलाइन (online) समुदाय का हिस्सा बनें और दूसरे सर्वाइवर लीडर्स से बात करें।
- हमारे ईमेल (email) समाचार पत्र पर कंसल्टिंग (परामर्श/ consulting) और नेतृत्व (leadership) के अवसरों के बारे में जानें।
- प्रतियोगिताओं (स्वैच्छिक) में भाग लेने का अवसर जो सिर्फ सर्वाइवर्स (survivors) के लिए आयोजन किए जाते हैं।
- सदस्यता ऐलाननामा (manifesto) को कायम रखें और सहयोगी अंतर्राष्ट्रीय सर्वाइवर्स नेटवर्क बनाने में हमारी सहायता करें।

## सदस्यता ऐलाननामा

कृपया इनमें से प्रत्येक वाक्य सावधानीपूर्वक पढ़ें। हम चाहते हैं की जो हमारे साथ जुड़ना चाहें वो ये सदस्यता ऐलाननामा हमारे मूल विश्वास के रूप में बनाएँ रखे।

**हम एक दूसरे के साथ बात करने में विश्वास करते हैं, एक दूसरे के लिए नही।**
हम "आवाज़ रहित लोगों" के लिए आवाज़ नहीं हैं। हम में से प्रत्येक व्यक्ति की अपनी निजी आवाज़ है। कुछ व्यक्ति सार्वजनिक भाषण के माध्यम से व्यक्त करते हैं, कुछ लिखने से या सामुदायिक कार्य के माध्यम से, और कुछ व्यक्ति कला या फ़ोटोग्राफ़ी जैसे रचनात्मक (क्रिएटिव) माध्यम से खुद को व्यक्त करते हैं।
हम अपने अनुभवों से बात करते हैं और एक दूसरे को बोलने के लिए सशक्त करते हैं।

***हम मानते हैं की हमारे अनुभव अद्‌वितीय और विभिन्न हैं।***
*हम मानते हैं कि संयुक्त राष्ट्र (United Nations) की मानव तस्करी की व्याख्या विस्तृत है और प्रत्येक* सर्वाइवर
*का अनुभव मानव तस्करी के सभी रूपों और पहलुओं का प्रतिनिधित्व नहीं करता है।*
*इसलिए, हम अपने अनुभवों की विविधता के बारे में एक-दूसरे को शिक्षित करने का प्रयास करते हैं और प्रत्येक अवसर के साथ सबसे उपयुक्त* सर्वाइवर *को जोड़ने की कोशिश करते हैं।*

***हमारा मानना है कि "हम" की शक्ति "मैं" की शक्ति से अधिक मज़बूत है।***
सर्वाइवर्स *के इतने बड़े और विविध समूह की वजह से, हम हमेशा एक दूसरे से सहमत नहीं हो सकते हैं। मगर जब हम सहमत होते हैं, तो एक सामूहिक आवाज़ हमें सांसदों (lawmakers) पर दबाव डालने, अन्याय के खिलाफ*
*एक साथ खड़े होने, संसाधनों (resources) को एकत्र करने, और बहुत कुछ करने की अनुमति एवं शक्ति देता है।*

***हम अपने स्वास्थ्य और कल्याण को प्राथमिकता देंगे।***
*हम मिसाल पेश करके संचालन करने के महत्व को पहचानते हैं। प्रभावी नेता, कार्यकर्ता, संरक्षक और समुदाय के सदस्य होने के लिए, हम अपने स्वास्थ्य और हित को प्राथमिकता देंगे।*

***हम एक ट्रॉमा-अवगत (trauma-informed) दृष्टिकोण को बढ़ावा देंगे।***
*हम मानते हैं कि दुनिया भर में ट्रॉमा की (traumatic) घटनाएं आम हैं। हम मानते हैं कि किसी भी व्यक्ति, न केवल मानव तस्करी के* सर्वाइवर्स *को, ट्रॉमा से लंबे समय तक चलने वाले प्रभावों का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए, हम सभी मुठभेड़ों में एक ट्रॉमा-अवगत दृष्टिकोण को बढ़ावा देंगे, विशेष रूप से मानव तस्करी के सर्वाइवर्स से जुड़े किसी भी मुठभेड़ में।*

**हम एकता को बढ़ावा देंगे और मतभेद के खिलाफ रहेंगे।**
सर्वाइवर्स के इतने बड़े और विविध समूह के साथ, हम जानते हैं की हमारे व्यक्तित्व और हमारी दृष्टिकोण टकराव कर सकती हैं। सब चीज़ों से बढ़कर, हम अपने अनुभवों की बुनियाद पर एक दूसरे को समझ सकते हैं और मानव तस्करी को रोकने, विपत्ति-ग्रस्त लोगों की रक्षा करने और सर्वाइवर्स को सशक्त बनाने के लक्ष्य की ओर काम कर सकते हैं।

हम सभी से एकता को बढ़ावा देने की और मतभेद के खिलाफ काम करने की उम्मीद रखते हैं।

**हम चुनौतियों और संघर्ष का एक आदरकारी तरीके से सलूक करेंगे।**
हम मानते हैं की दृष्टिकोण में मतभेद प्राकृतिक और फ़ायदेमंद हैं। मगर जब चुनौतियाँ और संघर्ष उठते हैं, हम व्यावसायिक (professional) अनुक्रिया देंगे और उन्हें सभ्य और आदरकारी तरीके से हल करेंगे। हम "कॉल आउट" (call out) संस्कृति को बढ़ावा नहीं देते हैं। हम सर्वाइवर्स को एक दूसरे के साथ सीधे बात करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। यदि कोई संघर्ष हल नहीं किया जा सकता है, तो हम उम्मीद करते हैं कि सभी पार्टियाँ वृत्तिक और हार्दिक (cordial) ढंग से व्यवहार करें।

**हम मानते हैं की स्लेवरी (गुलामी) और मानव तस्करी के विरुद्ध आंदोलन में हर किसी की एक महत्वपूर्ण भूमिका है।**
हमारा मानना है कि सभी सर्वाइवर्स स्लेवरी (गुलामी) और मानव तस्करी के विरुद्ध आंदोलन में भूमिका निभा सकते हैं यदि वे चाहते हैं। ऐसा करने की और सार्वजनिक आंखों में होने की कोई आवश्यकता नहीं है। प्रत्येक सर्वाइवर एक अनूठी यात्रा पर है और उन्हें खुद तय करना होगा कि कैसे, या यदि, वे शामिल होना चाहते हैं।

## सदस्यता के लिये आवश्यकताएं

✓ मैं मानव तस्करी और / या स्लेवरी (गुलामी) के सर्वाइवर के रूप में आत्म-पहचान करता/करती हूं।

[https://www.unodc.org/unodc/en/human-trafficking/what-is-human-trafficking.html?ref=menuside]

*मानव तस्करी:* "" मानव तस्करी "का मतलब है की धमकी या बल के उपयोग या बल के अन्य रूपों से, अपहरण से, धोखाधड़ी से, छल से, शक्ति के दुरुपयोग से, आलोचनीयता की स्थिति का लाभ लेने से या भुगतान या लाभ देने या प्राप्त करने के माध्यम से किसी व्यक्ति की सहमति पाना या नियंत्रण करना और व्यक्तियों की भर्ती, परिवहन, स्थानांतरण, रखरखाव या प्राप्ति करना (शोषण के उद्देश्य के लिए)।शोषण में, न्यूनतम, दूसरों को वेश्यावृत्ति या यौन शोषण के अन्य रूप, मजबूर श्रम या सेवाओं, गुलामी या गुलामी जैसे कामों के के लिए, भृत्यभाव या अंगों को हटाने के समान अभ्यास शामिल होंगे;

*गुलामी:* "किसी व्यक्ति का किसी अन्य व्यक्ति के नियंत्रण या स्वामित्व में रहकर उसकी सेवा करने की अवस्था या भाव”

✓ मैं कम से कम 18 वर्ष का/की हूँ।

✓ मैं एक व्यक्ति के रूप में शामिल हूं और संगठन के प्रतिनिधि के रूप में नहीं।

✓ मैं अपना पहला और अंतिम नाम और एक वैध ईमेल पता साझा करने के लिए तैयार हूं।

✓ मैं समझता /समझती हूं कि सर्वाइवर गठबंधन गृह निर्माण, चिकित्सा या कानूनी सहायता जैसी सीधी सेवाएं प्रदान नहीं करता है लेकिन संदर्भ प्रदान करेगा।

## सदस्यता नामांकन प्रश्न

सर्वाइवर अलायंस (Survivor Alliance) में शामिल होने में आपकी रूचि के लिए धन्यवाद! इस फॉर्म को भरने से पहले, हम चाहते हैं कि आप जान लें कि आपकी विशिष्ट और व्यक्तिगत जानकारी गोपनीय रखी जाएगी जब तक की आप हमें इसे साझा करने की अनुमति न दें।

हालांकि, जानकारी को जोड़ा जाएगा और गोपनीय रूप से साझा किया जाएगा (सार्वजनिक रूप से) जैसे की: "सर्वाइवर अलायंस (Survivor Alliance) के सलाहकार 25% ____ देश से आते हैं", या "57% सलाहकार सार्वजनिक भाषण देते हैं"।

साथ ही, जो जानकारी आप अन्य सर्वाइवर्स के साथ साझा करने के इच्छुक हैं, उन्हें 'एनी कॉनन्स' (AnnieCannons), एक एन.जी.उ, को दिया जाएगा जो हमारे वेब डेवलपर्स (web developers) के रूप में कार्य करता है। 'एनी कॉनन्स' (AnnieCannons) वेब डेवलपर्स (https://www.anniecannons.org/) के रूप में मानव तस्करी के सर्वाइवर्स को रोज़गार और प्रशिक्षण देता है।

आपका पूरा नाम ______________________ (आवश्यक)

आपका ईमेल पता ___________________ (आवश्यक)

आपके अनुभव का वर्णन करने के लिए आप इनमें से किन शब्दों का उपयोग करते हैं? (आवश्यक)
(लागू होने वाले सभी पर चिह्न लगाएं)

स्लेवरी (गुलामी)
मानव तस्करी
बेगार

बंधुआ मजदूर
घरेलू गुलामी
बाल सैनिक
ऋण बंधन
ज़बरदस्ती की शादी
बच्चों का व्यावसायिक यौन शोषण
सेक्स तस्करी
श्रम तस्करी
अन्य: ______________________________

मैं वर्तमान में स्लेवरी (गुलामी)/ मानव तस्करी के विरुद्ध बोलने, प्रशिक्षण, या परामर्श सेवाएं प्रदान कर रहा/रही हूं। (आवश्यक)
हाँ
नहीं
नहीं, लेकिन मैं चाहता/ चाहती हूं

आप किस शहर और / या राज्य में रहते हैं? (ऐच्छिक)

आप किस देश में रहते हैं? (आवश्यक)

कृपया आपके लिए लागू होने वाली प्रत्येक सदस्यता आवश्यकता पर चिन्ह लगाएँ। **(आवश्यक)**
मैं कम से कम 18 वर्ष का/ की हूँ।
मैं एक व्यक्ति के रूप में सर्वाइवर अलायंस (Survivor Alliance) में शामिल हो रहा/रही हूं, न की संस्था के प्रतिनिधि के रूप में।
मैंने सदस्यता ऐलाननामा पढ़ा है।
मैं सर्वाइवर अलायंस (Survivor Alliance) के कर्मचारियों को मेरे साथ चेक-इन (बात) करने की इजाज़त देता/देती हूं अगर उन्हें लगता है कि मैं सदस्यता ऐलाननामा का पालन नहीं कर रहा/रही हूं।

मैं अपने व्यक्तिगत विवरण पर एक मुफ्त परामर्श प्राप्त करना चाहता/चाहती हूं।
हाँ
नहीं

मैं अपने रेज़्यूमे / सी.वी. पर मुफ्त परामर्श प्राप्त करना चाहता/चाहती हूं।

हाँ
नहीं

हम सर्वाइवर अलायंस (Survivor Alliance) के नवीनतम और सबसे बड़े अपडेट के साथ एक मासिक न्यूज़लेटर भेजेंगे, जिसमें a) परामर्श और / या व्यावसायिक विकास के अवसर और b) स्लेवरी (गुलामी) के विरुद्ध आंदोलन के बारे में संसाधन और जानकारी देंगे। क्या आप इस न्यूज़लेटर को प्राप्त करना चाहते हैं? (आवश्यक)

हाँ, कृपया मुझे न्यूज़लेटर भेजें!
नहीं, मैं यह मासिक अपडेट प्राप्त नहीं करना चाहता/चाहती हूं

आपके पास हमारे लिए कोई अन्य प्रश्न हैं? ____________________________________